Q1 उस विकल्प का चयन करें जिसमें दी गई संख्याओं में आपस में वही संबंध है, जो प्रश्न में दी गई संख्या–समुच्चय (सेट) में है।

(4, 2, 1)

(A) (2, 3, 5)

(B) (64, 16, 4)

(C) (3, 2, 1)

(D) (20, 10, 5)

Q2 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।

बस : सड़क : : जहाजः ?

(A) नाव

(B) टाइटैनिक

(C) कप्तान

(D) समुद्र

Q3 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।

स्पर्श : त्वचा :: गंधः ?

(A) दुर्गंध

(B) सुगंध

(C) नाक

(D) खाना

Q4 यदि एक निश्चित कोड भाषा में, ‘EXAMINATION’ को ‘NOITANIMAXE’ लिखा जाता है, तो उसी कोड भाषा में ‘STUDENT’ को किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) STUENDT

(B) TNEDUST

(C) TNEDUTS

(D) TUVEFOU

Q5 एक कोड भाषा में , यदि ’MANGO’ को ‘OCPIQ’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो ‘APPLE’ को उसी भाषा का उपयोग करके कैसे कुटबद्ध किया जाएगा?

(A) CQQMF

(B) CRRNG

(C) BQQMF

(D) ELPPA

Q6 यदि एक निश्चित कोड भाषा में, ‘NOTE’ को ‘OPUF’ लिखा जाता है, तो उसी कोड भाषा में ‘TAKER’ को किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) UBLFS

(B) SZJDQ

(C) VCMGS

(D) UBLFT

Q7 उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।

2, 4, 12, ?, 240, 1440

(A) 42

(B) 44

(C) 48

(D) 52

Q8 उस वर्ण–समूह का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

CED, DFE, EGF, FHG, ?

(A) GIH

(B) GHI

(C) HIG

(D) HGI

Q9 उस विकल्प का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

5A, 10E, ?, 20O, 25U

(A) 15I

(B) 15J

(C) 15H

(D) 16

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q10 यदि '–' का अर्थ 'जोड़ना', '*' का अर्थ 'घटाना' और '/' का अर्थ 'गुणा करना' है, तो निम्न व्यंजक का मान क्या होगा?

{(5 * 1) – (6/2)}

(A) 2

(B) 7

(C) 8

(D) 16

Q11 दिए गए समीकरणों में, ✦ का फंक्शन अपरिवर्तित रहता है। चौथे समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी?

| | |
|---|---|
| 4 ✦ 3 = 15 | 7 ✦ 3 = 24 |
| I. | II. |
| 6 ✦ 5 = 33 | 9 ✦ 2 = ? |
| III. | IV. |

(A) 29

(B) 30

(C) 28

(D) 21

Q12 गणितीय चिन्हों के उस सही संयोजन का चयन करें, जिन्हें दिए गए समीकरण में क्रमिक रूप से X के स्थान पर रख दिया जाए, तो समीकरण संतुलित हो जाएगा।

12 X 4 X 2 X 1

(A) ×, =, −

(B) ÷, =, +


(C) ×, −, =


(D) ×, ÷, +


Prepp Your Personal Exam Guide


Q13 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।

पटना में रहने वाले लोग, बिहार में रहने वाले लोग, भारत में रहने वाले लोग

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


Q14 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।

माँ, चाची, औरतें

(A) 

(B) 


(C) 


(D) 


Your Personal Exams Guide


Q15 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।

आँखें, अंग (ऑर्गन्स), हृदय

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 


Q16 दिए गए शब्द की सही जलीय छवि का चयन करें।




(A) 


(B) 


(C) 


(D) 

Prepp Your Personal Exam Guide

Q17 यदि दी गई आकृति को दर्पण के बाएं ओर रखा जाए, तो सही दर्पण छवि कौन सी होगी?





(A) 


(B) 

(C) 

(D) 

Q18 नीचे एक ही पासे की दो स्थितियाँ दिखाई गई हैं। उस पैटर्न का चयन करें जो इस  चिन्ह वाली सतह के ठीक विपरीत सतह पर होगा।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q19 अंजू 200 m उत्तर की ओर चली। वहाँ से, वह दाएँ मुड़ी तथा 300 m तक चली। अब वह फिर से दाएँ मुड़ी और 100 m तक चली। अंजू अब किस दिशा के सम्मुख खड़ी है?

(A) पूर्व

(B) पश्चिम

(C) उत्तर

(D) दक्षिण

Q20 A, B का पिता है। B, C का भाई है। D, C की माँ है। D, A से किस प्रकार से संबंधित है?

(A) माँ

(B) पत्नी

(C) बहन

(D) चचेरा/मौसेरा/ममेरा/फुफेरा बहन

Q21 A और B, C की बेटियाँ हैं। C, D की बेटी है। E, D का बेटा है। E, A से किस प्रकार संबंधित है?

(A) मामा

(B) भाई

(C) दादाजी / नानाजी

(D) पिता

Q22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

**कथन:**

(i) अयान केवल रेसर–बाइक ही चलाता है।

(ii) पिछले हफ्ते, अयान ने 'ABC' बाइक चलाई थी।

**निष्कर्ष:**

(i) 'ABC' एक रेसर–बाइक है।

(ii) 'ABC' रेसर–बाइक नहीं है।

(A) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

(C) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनो अनुसरण करते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

Q23 दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कथन में से कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन:**

सभी 'X' 'Y' हैं।

**निष्कर्ष:**

(i) सभी 'Y' 'X' हैं।

(ii) कुछ 'Y' 'X' हैं।

(A) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

(C) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनो अनुसरण करते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

Q24 दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कथन में से कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन:**

कुछ 'X' 'Y' हैं।

**निष्कर्ष:**

(i) कुछ 'Y' 'X' हैं।

(ii) सभी 'X' 'Y' हैं।

(A) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

(C) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनो अनुसरण करते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

Q25 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) गणित

(B) विज्ञान

(C) स्कूल

(D) भूगोल

Q26 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) बकरी

(B) शेर

(C) गाय

(D) भैंस

Q27 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) पौधा

(B) मेज

(C) कुर्सी

(D) बिस्तर

Q28 दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन सी धारणा/धारणाएँ, कथन में निहित है।

**कथन:**

राधिका में इतनी समझ है कि वह XYZ उत्पाद का बहिष्कार कर देगी।

**धारणाएँ:**

(i) XYZ उत्पाद लोकप्रिय नहीं है।

(ii) XYZ उत्पाद का बहिष्कार करना बुद्धिमानी की निशानी है।

(A) केवल धारणा (i) निहित है।

(B) केवल धारणा (ii) निहित है।

(C) दोनों धारणाएँ निहित हैं।

(D) न तो धारणा (i) और न ही धारणा (ii) निहित है।

Q29 दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन सी धारणा/धारणाएँ, कथन में निहित है।

**कथन:**

वर्तमान राज्य सरकार, अगर आगामी राज्य चुनावों में जीत दर्ज करना चाहती है, तो उसे राज्य में सड़कों का निर्माण करवाना चाहिए।

**धारणाएँ:**

(i) राज्य के अधिकांश लोग चाहते हैं कि उनकी सरकार उनके राज्य में सड़कों का निर्माण करें।

(ii) राज्य के अधिकांश लोग वर्तमान सरकार को केवल तभी वोट देंगे जब वह सड़कों का निर्माण करेगी।

(A) केवल धारणा (i) निहित है।

(B) केवल धारणा (ii) निहित है।

(C) दोनों धारणाएँ निहित हैं।

(D) न तो धारणा (i) और न ही (ii) निहित है।

Q30 दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन सी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित है।

**कथन:**

अगर आप 'स्पोकन इंग्लिश' किताब पढ़ते हैं, तो आपकी अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार होता है।

**धारणाएँ:**

(i) 'स्पोकन इंग्लिश' किताब अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार कर सकती है।

(ii) बातचीत के दौरान अंग्रेजी बोलने का एक नियमित अभ्यास अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार कर सकता है।

(A) केवल धारणा (i) निहित है।

(B) केवल धारणा (ii) निहित है।

(C) दोनों धारणाएँ निहित हैं।

(D) न तो धारणा (i) और न ही धारणा (ii) निहित है।

Q31 निम्नलिखित में से कंप्यूटर की डिस्क ड्राइव, CD-ROM ड्राइव और नेटवर्क ड्राइव की सामग्री (कन्टेन्ट) को कौन प्रदर्शित करता है?

(A) माई कंप्यूटर
(B) रीसायकल बिन
(C) कंट्रोल पैनल
(D) टास्क मैनेजर

Q32 जब आप विंडोज स्टार्ट करते हैं तो निम्नलिखित में से कौन सा लोड होता है?

(A) माई डॉक्युमेंट्स
(B) माई कंप्यूटर
(C) डाउनलोड्स
(D) डेस्कटॉप

Q33 कंप्यूटर में वह डिफ़ॉल्ट हार्ड डिस्क ड्राइव, जिसमें सभी प्रोग्राम्स स्टोर होते हैं, और वहाँ से चलाए जाते हैं निम्नलिखित में से कौन सी है?

(A) C: ड्राइव
(B) D: ड्राइव
(C) E: ड्राइव
(D) F: ड्राइव

Q34 WWW का पूर्ण स्वरूप क्या है?

(A) World Wide Web (वर्ल्ड वाइड वेब)
(B) World Wide World (वर्ल्ड वाइड वर्ल्ड)
(C) World Wide Word (वर्ल्ड वाइड वर्ड)
(D) World Wide Wood (वर्ल्ड वाइड वुड)

Q35 HTML का पूर्ण स्वरूप क्या है?

(A) Hypertext Manipulation Language (हाइपरटेक्स्ट मैनिपुलेशन लैंग्वेज)
(B) Hypertext Markup Links (हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लिंक)
(C) Hypertext Manipulating Links (हाइपरटेक्स्ट मैनिपुलेटिंग लिंक)
(D) Hypertext Markup Language (हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज)

Q36 लोकल हार्डडिस्क से वेबसाइट सर्वर पर कंटेंट (Content) ले जाना कहा जाता है:

(A) अपलोडिंग
(B) स्पूलिंग
(C) डाउनलोडिंग
(D) ब्राउज़िंग

Q37 कीबोर्ड और माउस क्या कहलाते हैं:

(A) आउटपुट डिवाइस

(B) इनपुट डिवाइस

(C) स्टोरेज डिवाइस

(D) प्रोसेसिंग डिवाइस

Q38 किसी कंप्यूटर सिस्टम में, सभी ऑपरेशन्स कहाँ प्रोसेस किए जाते हैं?

(A) मदरबोर्ड

(B) मेमोरी

(C) CPU

(D) RAM

Q39 ROM का पूर्ण स्वरूप क्या है?

(A) Random origin money (रैंडम ओरिजिन मनी)

(B) Random only memory (रैंडम ओन्ली मेमोरी)

(C) Read only memory (रीड ओन्ली मेमोरी)

(D) Random Overflow memory (रैंडम ओवरफ्लो मेमोरी)

Q40 निम्नलिखित में से सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) का भाग कौन सा है?

(A) प्रिंटर

(B) की–बोर्ड

(C) माउस

(D) अरिथमेटिक एंड लॉजिक यूनिट

Q41 निम्नलिखित में से कौन एक इनपुट डिवाइस नहीं है?

(A) कीबोर्ड

(B) माउस

(C) जॉयस्टिक

(D) प्रिंटर

Q42 कंप्यूटर में डेटा दर्ज करने के लिए निम्ननिखित में से किसका उपयोग किया जाता है?

(A) इनपुट डिवाइसेस

(B) आउटपुट डिवाइसेस

(C) कंट्रोलर

(D) एप्लिकेशन प्रोग्राम्स

Q43 स्क्रीन पर चीज़ें चुनने और ड्राइंग करने के लिए उपयोग होने वाले इनपुट डिवाइस को ______ कहते हैं।

(A) इंक मार्कर

(B) इंक पेन

(C) मैग्नेटिक पेन

(D) लाइट पेन

Q44 निम्नलिखित में से कौन एक आउटपुट डिवाइस नहीं है?

(A) मॉनीटर

(B) प्लॉटर

(C) जॉयस्टिक

(D) प्रिंटर

Q45 आउटपुट डिवाइसेस का उपयोग करके उपयोक्ता ___________ कर सकते हैं।

(A) डेटा इनपुट

(B) डेटा स्कैन

(C) डेटा प्रोसेस

(D) डेटा प्रिंट करें या डेटा देखें

Q46 बड़ी संख्या में लोगों के सामने प्रस्तुतिकरण करने के लिए निम्नलिखित में से किस आउटपुट डिवाइस का उपयोग किया जाता है?

(A) प्रोजेक्टर

(B) टच पैड

(C) सी डी रोम (CDROM)

(D) पेन ड्राइव

Q47 कंप्यूटर के मॉनीटर _________ भी कहा जाता है

(A) VDU

(B) DVD

(C) CCTV

(D) DVU

Q48 ऑपरेटिंग सिस्टम एक __________ होता है।

(A) सिस्टम सॉफ्टवेयर

(B) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर

(C) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर

(D) डेटा प्रोसेसिंग टूल

Q49 MS वर्ड (MS-Word) में सेलेक्टेड टेक्स्ट को कॉपी करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी शॉर्टकट कुंजी (Key) उपयोग की जाती है?

(A) ALT + C

(B) Ctrl + C

(C) Ctrl + X

(D) Ctrl + V

Q50 वर्ड दस्तावेज प्रिंट करने के लिए निम्नलिखित में से किस शॉर्टकट कमांड का उपयोग किया जाता है?

(A) Ctrl + O

(B) Ctrl + P

(C) Ctrl + V

(D) Ctrl + D

Q51 MS वर्ड दस्तावेज़ के (शीर्ष (top) पर जाने के लिए, निम्नलिखित में से किस शॉर्टकट कुंजी (key) का उपयोग किया जाता है?

(A) Ctrl + HOME

(B) Ctrl + End

(C) Alt + End

(D) Alt + Home

Q52 दस्तावेज़ में अंतिम कार्यवाही पूर्ववत (Undo) करने के लिए किस शॉर्टकट कुंजी (key) का उपयोग किया जाता है?

(A) Ctrl + U

(B) Ctrl + D

(C) Ctrl + X

(D) Ctrl + Z

Q53 निम्नलिखित में से कौन जीयूआई (GUI) आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है?

(A) MS-DOS

(B) विंडोज (Windows)

(C) मैक ओएस (MAC OS)

(D) क्रोम ओएस (Chrome OS)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q54 निम्नलिखित में से कौन सा एक इंटरनेट ब्राउज़र नहीं है?
(A) एप्पल सफ़ारी
(B) अमेज़न सिल्क
(C) ओपेरा
(D) पिकासा

Q55 CMOS का पूर्ण रूप क्या है?
(A) Complex Metal-Oxide Semiconductor (कॉम्प्लेक्स मेटल–ऑक्साइड सेमीकंडक्टर)
(B) Complementary Metal-Oxide Semiprocessor (कॉम्प्लीमेन्ट्री मेटल–ऑक्साइड सेमीप्रोसेसर)
(C) Complementary Metal-Oxide Semiconductor (कॉम्प्लीमेन्ट्री मेटल–ऑक्साइड सेमीकंडक्टर)
(D) Complex Metal-Oxide Semiprocessor (कॉम्प्लेक्स मेटल–ऑक्साइड सेमीप्रोसेसर)

Q56 टचस्क्रीन का उपयोग निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है:
(A) केवल इनपुट डिवाइस
(B) इनपुट और साथ ही आउटपुट डिवाइस
(C) आउटपुट डिवाइस केवल
(D) मेमोरी डिवाइस

Q57 एचडी, एसडी, वीजीए (HD, SD, VGA) आदि शब्द निम्न से संबंधित हैं:
(A) गुणवत्ता प्रदर्शन
(B) ध्वनि गुणवत्ता
(C) मेमोरी क्षमता
(D) प्रसंस्करण शक्ति

Q58 निम्नलिखित में से कौन सी एक मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है?
(A) विंडोज (Windows) 95
(B) सोलारिस ओएस (Solaris OS)
(C) एमएस डॉस (MS DOS)
(D) एंड्रॉयड (Android)

Q59 लिंक्स OS RTOS को किस के रूप में जाना जाता है।
(A) सिंगल–टास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम
(B) मल्टीटास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम
(C) रियल–टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम
(D) टाइम–शेयरिंग ऑपरेटिंग सिस्टम

Q60 MS-एक्सेल (MS-Excel) में, निम्नलिखित में से कौन सा चार्ट, बिंदुओं को जोड़कर रुझानों की एक श्रृंखला (सीरीज़) चित्रित करता है?
(A) लाइन चार्ट
(B) डोनट चार्ट
(C) स्कैटर चार्ट
(D) पाई चार्ट

prepp Your Personal Exam Guide

Q61 हड़प्पा कालीन कालीबंगा शहर कहाँ स्थित है?
(A) पाकिस्तान
(B) हरियाणा
(C) राजस्थान
(D) गुजरात

Q62 कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने कौन सा धर्म स्वीकार किया?
(A) बौद्ध धर्म
(B) जैन धर्म
(C) ईसाई धर्म
(D) हिन्दु धर्म

Q63 किस शासक से पराजित होने के पश्चात हुमायूँ को 15 वर्षों के लिए निर्वासित होना पड़ा था?
(A) अलाउद्दीन खिलजी
(B) सिकंदर लोदी
(C) मुहम्मद बिन तुगलक
(D) शेरशाह

Q64 किसके शासनकाल में चंगेज़ खान सिंधु नदी के तट पर आया था?
(A) इल्तुतमिश
(B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) सिकंदर लोदी
(D) मुहम्मद बिन तुगलक

Q65 काकोरी कांड (1925) के लिए निम्नलिखित में से किसे फाँसी की सजा नहीं दी गई थी?
(A) रोशन सिंह
(B) राजेंद्र लाहिड़ी
(C) अशफाकउल्ला खान
(D) चंद्रशेखर आज़ाद

Q66 सलीमउल्लाह और आगा खान तृतीय ने किस वर्ष में मुस्लिम लीग का गठन किया था?
(A) 1906 में
(B) 1910 में
(C) 1916 में
(D) 1915 में

Q67 मुस्लिम लीग द्वारा कब और कहाँ 'पाकिस्तान प्रस्ताव' पारित किया गया था?
(A) 1947 में लाहौर में
(B) 1930 में पंजाब में
(C) 1940 में लाहौर में
(D) 1935 में पंजाब में

Q68 निम्नलिखित में से किस प्रकार की मिट्टी में 'स्वयं–जुताई' का गुण पाया जाता है?
(A) काली मिट्टी
(B) जलोढ़ मिट्टी
(C) शुष्क मिट्टी
(D) लैटेराइट मिट्टी

Q69 निम्नलिखित से कौन सी नदी बंगाल की खाड़ी में प्रवाहित नहीं होती है?
(A) कृष्णा
(B) गोदावरी
(C) महानदी
(D) साबरमती

Q70 भोर घाट कहाँ स्थित है?
(A) लोनावाला, महाराष्ट्र
(B) नासिक, महाराष्ट्र
(C) बेंगलुरु, कर्नाटक
(D) मरीना बीच, तमिलनाडु

Q71 निम्नलिखित में से कौन सा राज्य बाजरा के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है?
(A) मध्य प्रदेश
(B) आंध्र प्रदेश
(C) गुजरात
(D) राजस्थान

Q72 निम्नलिखित में से चीनी उद्योग के लिए कौन सा एक कच्चा माल नहीं है?
(A) गन्ना
(B) चुकंदर
(C) मकई शरबत (corn syrup)
(D) गाजर

Q73 स्वतंत्रता के पश्चात किस वर्ष में भारत में प्रथम बार जनगणना की गई थी?
(A) 1947
(B) 1950
(C) 1948
(D) 1951

Q74 'लिंगानुपात' का क्या अर्थ है?
(A) प्रति 100 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या
(B) प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या
(C) प्रति 10000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या
(D) प्रति 100000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या

Q75 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्यों का निम्नलिखित में से कौन सा क्रम, राज्यों को साक्षरता के बढ़ते क्रम में दर्शाता है?

(A) केरल, गोवा, अरुणाचल प्रदेश, बिहार
(B) बिहार, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, केरल
(C) बिहार, गोवा, केरल, अरुणाचल प्रदेश
(D) अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, केरल

Q76 भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?

(A) उत्तराखंड
(B) मध्य प्रदेश
(C) पश्चिम बंगाल
(D) गुजरात

Q77 मध्य प्रदेश का पन्ना जिला किस उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

(A) खनिज तेल
(B) कोयला
(C) हीरा
(D) सोना

Q78 किस वर्ष में 'गंगा नदी की डॉल्फिन' को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था?

(A) 1990 में
(B) 2000 में
(C) 2003 में
(D) 2009 में

Q79 निम्नलिखित में से कौन सा स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों (UNESCO World Hertage Sites) की सूची में सम्मिलित नहीं है?

(A) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
(B) सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य
(C) मानस वन्यजीव अभयारण्य
(D) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

Q80 संविधान का अनुच्छेद 87, ऐसा____________ उदाहरण प्रदान करता है जब राष्ट्रीय संसद के दोनों संदनों को विशेष रूप से संबोधित करता है।

(A) 5
(B) 4
(C) 3
(D) 2

Q81 निम्नलिखित में से कौन सा 2020 में पेश किया गया था?

(A) आंध्र प्रदेश पंचायत राज दूसरा संशोधन अध्यादेश
(B) आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम में दूसरा संशोधन
(C) तमिलनाडु नगरपालिका कानून चौथा संशोधन
(D) केरल पुलिस संशोधन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q82 निम्नलिखित में से किसका संबंध 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 से है?
(A) पंचायती राज
(B) नगर पालिकाएँ
(C) दलबदल विरोधी कानून
(D) मौलिक कर्तव्य

Q83 ओजोन क्षयकारक पदार्थ ऐसे रसायन होते हैं जो पृथ्वी को सुरक्षा देने वाली ओजोन परत को नष्ट करते हैं। निम्नलिखित में से कौन सा ओजोन क्षयकारक पदार्थ नहीं है।
(A) क्लोरोफ्लोरोकार्बन
(B) कार्बन टेट्राक्लोराइड
(C) मिथाइल क्लोरोफॉर्म
(D) पोटेशियम परमैंगनेट

Q84 निम्नलिखित में से किस एंजाइम का अग्न्याशय से संबंध नहीं होता?
(A) लाइपेज
(B) एमाइलेज
(C) ट्रिप्सिन
(D) टाइलिन

Q85 निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य असम में प्रसिद्ध है?
(A) कुम्मी नृत्य
(B) सत्त्रिया नृत्य
(C) गरबा नृत्य
(D) बिहू नृत्य

Q86 मंजूषा पेंटिंग का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(A) बिहार
(B) राजस्थान
(C) गुजरात
(D) पंजाब

Q87 किस मुगल सम्राट ने 'दीनपनाह नगर' की स्थापना की थी?
(A) औरंगजेब
(B) शाहजहाँ
(C) अकबर
(D) हुमायूं

Q88 यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों (UNESCO World Heritage Site) की सूची में सम्मिलित 'रानी की वाव' किस राज्य में स्थित है?
(A) गुजरात
(B) राजस्थान
(C) महाराष्ट्र
(D) कर्नाटक

Q89 निम्नलिखित में से किस खेल के लिए प्रसिद्ध ट्राफी 'थॉमस कप' से पुरस्कृत किया जाता है?
(A) बैडमिंटन
(B) हॉकी
(C) फुटबॉल
(D) टेनिस

Q90 पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया का संबंध किस खेल से है?
(A) एथलेटिक्स
(B) भाला फेंक
(C) बैडमिंटन
(D) निशानेबाज़ी

Q91 भारतीय ओलंपिक संघ किस वर्ष स्थापित किया गया था?
(A) 1950 में
(B) 1948 में
(C) 1950 में
(D) 1927 में

Q92 अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित निम्न में से किस खिलाड़ी का संबंध टेबल टेनिस से है?
(A) सोनिया लाठर
(B) रवींद्र जडेजा
(C) अंजुम मोदगिल
(D) हरमीत राजुल देसाई

Q93 भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान पर एक वर्ष में सर्वाधिक वर्षा होती है?
(A) मासिनराम
(B) देहरादून
(C) डिब्रूगढ़
(D) कोलकाता

Q94 भारत की प्रमुख खाद्य फसल निम्नलिखित में से कौन से है?
(A) गेहूं और बाजरा
(B) चावल और गेहूं
(C) बाजरा और शोरगम
(D) चना और बाजरा

Q95 निम्नलिखित में से किसे हास्य (लाफ़िंग) गैस कहते हैं?
(A) कार्बन डाइऑक्साइड
(B) मीथेन
(C) क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC)
(D) नाइट्रस ऑक्साइड

Q96 यदि कोई व्यक्ति, यथास्थिति वधू या वर के माता, पिता या अन्य रिश्तेदार से किसी प्रकार के दहेज़ की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से माँग करता है तो उसे दहेज़ निषेध अधिनियम, 1961 की किस धारा के अंतर्गत् जुर्माना देना होगा?

(A) धारा–67

(B) धारा–1

(C) धारा–4

(D) धारा–34

Q97 दहेज़ निषेद अधिनियम व संशोधन अधिनियम के अनुसार भारतीय दंड संहिता धारा 304 किस से संबंधित है?

(A) सामूहिक बलात्कार

(B) दहेज के कारण मौत

(C) बाल शोषण

(D) बच्चों का अवैध व्यापार

Q98 नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो 2015-16 के अनुसार, भारत में बच्चे के खिलाफ अपराध लगभग _____ हो गया है।

(A) तीन गुना

(B) आधी

(C) चार गुना

(D) दोगुना

Q99 धारा 376 डीए किससे संबंधित है?

(A) 16 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

(B) 10 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

(C) 12 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

(D) 8 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

Q100 _________ साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार करने पर मौत की सजा दी जाएगी।

(A) 23

(B) 12

(C) 18

(D) 30

prepp Your Personal Exam Guide

Q101 बाल विवाह निषेध् अधिनियम 2006 के अनुसार,______ वर्ष से कम की लकड़ी और ______ वर्ष से कम के लड़के को नाबालिग माना जाता है।

(A) 21, 18

(B) 18, 21

(C) 18, 18

(D) 21, 21

Q102 कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित 'पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम' किस वर्ष लागू किया गया?

(A) 1994 में

(B) 1995 में

(C) 1996 में

(D) 1997 में

Q103 'महिलाओ का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न', इस अधिनियम के अंतर्गत तैयार किए गए शिकायत समितियों को सबूत जुटाने में किस कोर्ट को अधिकार प्रदान किए गए है?

(A) महिला कोर्ट

(B) सिविल कोर्ट

(C) सुप्रीम कोर्ट

(D) स्पेशल कोर्ट

Q104 धारा 376 डीबि किससे संबंधित है?

(A) 12 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

(B) 10 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

(C) 16 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

(D) 8 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक बलात्कार

Q105 सन् __________ में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम को पारित किया गया था।

(A) 2011

(B) 2012

(C) 2013

(D) 2014

Q106 राजस्थान का शाही राज्य जिसे हम आज देखते हैं, __________ चरणों में बना था।

(A) चार

(B) सात

(C) छह

(D) तीन

Q107 कुंभा श्याम मंदिर, चित्तौड़गढ़ (मीरा मंदिर) में __________ की स्मृति में एक छोटी छतरी का निर्माण कराया गया था।

(A) मीरा

(B) राय दास (स्वामी रविदास)

(C) महाराणा कुंभा

(D) महाराणा संग्राम सिंह प्रथम

Q108 एकी आंदोलन के नेता कौन थे जो 1920 में वर्तमान राजस्थान और गुजरात के आदिवासी बहुल सीमा क्षेत्रों में आंदोलनरत थे?

(A) विजय सिंह पथिक

(B) मोतीलाल तेजावत

(C) प्रकाश चंद्र

(D) सज्जन सिंह

Q109 सरकार ने राजस्थान जागीर उन्मूलन अधिनियम किस वर्ष पारित किया था?

(A) 1952 में

(B) 1925 में

(C) 1962 में

(D) 1972 में

Q110 राजस्थान विश्वविद्यालय का पुराना नाम निम्नलिखित में से कौन सा था?

(A) जयपुर विश्वविद्यालय

(B) मारवाड़ विश्वविद्यालय

(C) राजपूताना विश्वविद्यालय

(D) मराठा विश्वविद्यालय

Q111 राजस्थान में जोधुपर से 8km पश्चिम में स्थित कायलाना झील का निर्माण किसने कराया था?

(A) भीम सिंह

(B) तख्त सिंह

(C) अर्णोराज

(D) प्रताप सिंह

Q112 महाराणा कुम्भा ने ________ पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में विजय स्तम्भ का निर्माण कराया।
(A) नागौर के शासक
(B) मालवा आर गुजरात की सेना
(C) दिल्ली के सुल्तान
(D) शाकंभरी के शासक

Q113 जूनागढ़ किले का पुराना नाम निम्नलिखित में से कौन सा था?
(A) चिंतामणि
(B) लालगढ़ का किला
(C) करण चंद किला
(D) तारागढ़ का किला

Q114 अरवारी नदी का उद्गम __________ में है।
(A) सवाई माधोपुर जिले
(B) थानगाजी के पास सकरा बांध
(C) पाली जिले
(D) हेमवास बांध

Q115 निम्नलिखित में से कौन, उटंगन नदी भी कहलाती है?
(A) गंभीर नदी
(B) काली सिंध नदी
(C) लूनी नदी
(D) रूपारेल नदी

Q116 निम्नलिखित में से कौन सा बांध, कोट बांध भी कहलाता है?
(A) मोरल बांध
(B) घोसुंडा बांध
(C) खांडिप बांध
(D) सरजू सागर बांध

Q117 टॉडगढ़–रावली वन्यजीव अभयारण्य में स्थित दीवैर स्थल (Deewair Place) राजा ____________ से संबंधित है।
(A) उदय सिंह
(B) शक्ति सिंह
(C) महाराणा प्रताप
(D) विक्रम सिंह

Q118 केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का नामकरण ____________ के नाम पर किया गया है।
(A) विष्णु मंदिर
(B) शिव मंदिर
(C) श्रीराम मंदिर
(D) ब्रह्मा मंदिर

Q119 राजस्थान के अरबुड़ा पर्वत के एक शिखर, गुरु शिखर का नामकरण किसके नाम पर किया गया है?

(A) चन्द्र देव
(B) ऋषि दुर्वासा
(C) दत्तात्रेय
(D) अनुसूया

Q120 राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड किस वर्ष गठित किया गया?

(A) 1980 में
(B) 1990 में
(C) 1995 में
(D) 1975 में

Q121 राज्य से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई में, राजस्थान राज्य, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्गों में से _________ की श्रेणी में आता है।

(A) दूसरा
(B) सातवाँ
(C) दसवाँ
(D) ग्यारहवाँ

Q122 निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान से होकर गुजरता है?

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग -2
(B) राष्ट्रीय राजमार्ग -3
(C) राष्ट्रीय राजमार्ग -4
(D) राष्ट्रीय राजमार्ग -5

Q123 राजस्थान की पवन ऊर्जा नीति निम्नलिखित में से किस वर्ष में तैयार की गई थी?

(A) 2002
(B) 1987
(C) 2012
(D) 2019

Q124 माणिक्य लाल वर्मा गवर्मेंट टेक्सटाइल एंड इंजीनियरिंग कॉलेज राजस्थान के किस शहर में स्थित है?

(A) दौसा
(B) भीलवाड़ा
(C) चुरु
(D) पाली

Q125 राजस्थान की युवा संबल योजना के अंतगर्त बेरोजगार युवकों को कितनी धनराशि दी जाती है?

(A) ₹ 2,500/-प्रति माह
(B) ₹ 2,000/-प्रति माह
(C) ₹ 3,000/-प्रति माह
(D) ₹ 3,500/-प्रति माह

prepp
Your Personal Exams Guide

Q126 राजस्थान के पाँचवें राज्य वित्त आयोग का कार्यकाल निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) 2016-21
(B) 2017-22
(C) 2015-20
(D) 2014-19

Q127 राजस्थान पुलिस का प्रमुख कौन है?
(A) DIG राजस्थान
(B) पुलिस अधीक्षक राजस्थान
(C) पुलिस महानिदेशक राजस्थान
(D) पुलिस महानिरीक्षक राजस्थान

Q128 भारत का महत्तम इन्क्यूबेशन सेंटर, राजस्थान के किस शहर में प्रारंभ किया गया?
(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) जैसलमेर
(D) अजमेर

Q129 निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना अवधि में पंचायती राज संस्थाओं को सक्रिय किया गया?
(A) तीसरे
(B) दूसरे
(C) सातवें
(D) नौवें

Q130 राजस्थान सरकार ने ग्रामीण गैर–कृषि विकास अभिकरण किस वर्ष में स्थापित किया?
(A) 1961 में
(B) 1971 में
(C) 1951 में
(D) 1995 में

Q131 जून 2020 तक, राजस्थान की वर्तमान सरकार में शहरी विकास और आवास मंत्री कौन हैं?
(A) श्री शांति कुमार धारीवाल
(B) श्री बुलाकी दास कल्ला
(C) श्री परसादी लाल
(D) श्री लालचंद कटारिया

Q132 जून 2020 तक, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश निम्नलिखित में से कौन हैं?
(A) न्यायाधिपति (जस्टिम) इंद्रजीत महंती
(B) संगीत राज लोढ़ा
(C) संदीप मेहता
(D) न्यायाधिपति (जस्टिस) सबीना

Q133 राजस्थान विधानसभा में कितनी महिला मुख्यमंत्री रही हैं?
- (A) 4
- (B) 3
- (C) 1
- (D) 2

Q134 जून 2020 तक राजस्थान के राज्यपाल कौन हैं?
- (A) अशोक गहलोत
- (B) वसुंधरा राजे
- (C) कैलास मिश्र
- (D) कलराज मिश्र

Q135 राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किस वर्ष किया गया?
- (A) 1990 में
- (B) 1991 में
- (C) 1994 में
- (D) 1989 में

Q136 राजस्थान में, प्रशिक्षकों या कोच को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है?
- (A) एक्सीलेंस पुरस्कार (अवार्ड)
- (B) राइजिंग स्टार पुरस्कार (अवार्ड)
- (C) गुरु वशिष्ठ पुरस्कार (अवार्ड)
- (D) महाराणा प्रताप पुरस्कार (अवार्ड)

Q137 गोडावण को राजस्थान का राजकीय पक्षी किस वर्ष घोषित किया गया?
- (A) 1981 में
- (B) 1991 में
- (C) 1983 में
- (D) 1978 में

Q138 निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा भारत का प्रथम 'जन सूचना पोर्टल' प्रारंभ किया गया?
- (A) हरियाणा
- (B) राजस्थान
- (C) मध्य प्रदेश
- (D) बिहार

Q139 भारतीय सेना का दो दिवसीय सुदर्शन चक्र वाहिनी युद्धाभ्यास 2019, निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया?
- (A) जैसलमेर
- (B) जयपुर
- (C) जोधपुर
- (D) बीकानेर

Q140 राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश इंद्रजीत मोहंती ____________ में पूर्व न्यायाधीश थे।

(A) इलाहाबाद उच्च न्यायालय

(B) सिक्किम उच्च न्यायालय

(C) पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय

(D) बंबई (बॉम्बे) उच्च न्यायालय

Q141 जून 2020 तक, राजस्थान के राज्यपाल निम्नलिखित में से किस राज्य के पूर्व राज्यपाल थे?

(A) गुजरात

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश

(D) अरुणाचल प्रदेश

Q142 क्वीन हरीश, जिनकी हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, वे पेशे से एक _________ थे।

(A) गायक

(B) नर्तक

(C) कवि

(D) खिलाड़ी

Q143 राजस्थान के इन पुरातात्विक स्थलों में से कौन सा स्थल सिंधु घाटी सभ्यता का भाग नहीं था?

(A) करनपुरा

(B) कालीबंगा

(C) बिनजोर

(D) अहार

Q144 राजस्थान का रेल नेटवर्क किस रेलवे ज़ोन के अंतर्गत आता है?

(A) उत्तर रेलवे

(B) उत्तर पश्चिम रेलवे

(C) मध्य रेलवे

(D) पश्चिम रेलवे

Q145 भारत की स्वतंत्रता के तुरंत बाद राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री कौन थे?

(A) मोहन लाल सुखाड़िया

(B) हीरा लाल शास्त्री

(C) जय नारायण व्यास

(D) बरकतुल्ला खान

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q146 दिसंबर 2019 तक के अनुसार, अशोक गहलोत कितनी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बन चुके हैं?

(A) एक बार

(B) तीन बार

(C) दो बार

(D) चार बार

Q147 निम्नलिखित में से किस वर्ष में राजस्थान में राष्ट्रपति शासन था?

(A) 2008

(B) 1971

(C) 1967

(D) 1985

Q148 दिसंबर 2019 तक के अनुसार , निम्नलिखित में से कौन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हैं?

(A) परसराम मदेरणा

(B) राम निवास मिर्धा

(C) सी.पी. जोशी

(D) कैलाश मेघवाल

Q149 बरोली मंदिर परिसर का संबंध किस वंश के शासकों से है?

(A) गुर्जर–प्रतिहार

(B) चौहान

(C) परमार

(D) चालुक्य

Q150 किस शहर में दिलवाड़ा मंदिर स्थित है?

(A) जोधपुर

(B) अलवर

(C) कोटा

(D) माउंट आबू

Prepp Your Personal Exam Guide

| Exam | Rajasthan Police Constable Recruitment Examination 2019 |
|---|---|
| Paper | 5 |

| Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 31 | A | 61 | C | 91 | D | 121 | A |
| 2 | D | 32 | D | 62 | A | 92 | D | 122 | B |
| 3 | C | 33 | A | 63 | D | 93 | A | 123 | C |
| 4 | C | 34 | A | 64 | A | 94 | B | 124 | B |
| 5 | B | 35 | D | 65 | D | 95 | D | 125 | C |
| 6 | A | 36 | A | 66 | A | 96 | C | 126 | C |
| 7 | C | 37 | B | 67 | C | 97 | B | 127 | C |
| 8 | A | 38 | C | 68 | A | 98 | D | 128 | B |
| 9 | A | 39 | C | 69 | D | 99 | A | 129 | A |
| 10 | D | 40 | D | 70 | A | 100 | B | 130 | D |
| 11 | D | 41 | D | 71 | D | 101 | D | 131 | A |
| 12 | B | 42 | A | 72 | D | 102 | A | 132 | A |
| 13 | D | 43 | D | 73 | D | 103 | B | 133 | C |
| 14 | C | 44 | C | 74 | B | 104 | A | 134 | D |
| 15 | C | 45 | D | 75 | B | 105 | C | 135 | C |
| 16 | C | 46 | A | 76 | A | 106 | B | 136 | C |
| 17 | B | 47 | A | 77 | C | 107 | B | 137 | A |
| 18 | B | 48 | A | 78 | D | 108 | B | 138 | B |
| 19 | D | 49 | B | 79 | B | 109 | A | 139 | A |
| 20 | B | 50 | B | 80 | D | 110 | C | 140 | D |
| 21 | A | 51 | A | 81 | A | 111 | D | 141 | B |
| 22 | A | 52 | D | 82 | A | 112 | B | 142 | B |
| 23 | B | 53 | A | 83 | D | 113 | A | 143 | D |
| 24 | A | 54 | D | 84 | D | 114 | B | 144 | B |
| 25 | C | 55 | C | 85 | D | 115 | A | 145 | B |
| 26 | B | 56 | B | 86 | A | 116 | D | 146 | B |
| 27 | A | 57 | B | 87 | D | 117 | C | 147 | C |
| 28 | B | 58 | D | 88 | A | 118 | B | 148 | C |
| 29 | C | 59 | C | 89 | A | 119 | C | 149 | A |
| 30 | A | 60 | A | 90 | B | 120 | D | 150 | D |